D S W

संशोधन

प्रेषक,

निदेशक,

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

कुल सचिव,

.................................................

.................................................

पत्रांक- 1245 / दि0ज0स0वि0 / रा0छा0यो0 / 2025-26 लखनऊ : दिनांक- 02-07-2025

**विषय:- राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना शैक्षणिक सत्र-2025-26 के लिए प्री-मैट्रिक / पोस्ट-मैट्रिक / टॉप-क्लास की भारत सरकार द्वारा निर्गत समय सारणी के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, भारत सरकार नई दिल्ली के द्वारा दिव्यांग छात्र/छात्राओं हेतु प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक एवं टॉप-क्लास छात्रवृत्ति योजना संचालित की जाती है, जिसके क्रम में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना शैक्षणिक सत्र-2025-26 हेतु समय-सारणी निर्गत की गयी है, जिसे निदेशालय के पत्र संख्या-सी-1188, दिनांक-01.07.2025 द्वारा आपको प्रेषित की गयी है। आवेदन किये जाने की संशोधित तिथि निम्नवत् है :-

| समय सारणी | प्री-मैट्रिक | पोस्ट मैट्रिक | टॉप क्लास |
|---|---|---|---|
| आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | 25.06.2025 | 25.06.2025 | 25.06.2025 |
| आवेदन की अंतिम तिथि | 31.08.2025 | 31.10.2025 | 31.10.2025 |
| डिफेक्टिव एप्लीकेशन वेरीफिकेशन अंतिम तिथि | 15.09.2025 | 15.11.2025 | 15.11.2025 |
| इन्स्टीट्यूट वेरीफिकेशन अंतिम तिथि | 15.09.2025 | 15.11.2025 | 15.11.2025 |

उपरोक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, भारत सरकार नई दिल्ली की छात्रवृत्ति हेतु वेबसाइट www.scholarships.gov.in में उपलब्ध व्यवस्थानुसार समयान्तर्गत आप अपने विश्वविद्यालय/संस्थान में अध्ययनरत् पात्र दिव्यांग छात्र/छात्राओं को योजनान्तर्गत लाभान्वित कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अनुपमा मौर्य)

उपनिदेशक,

कृते निदेशक।

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक-उपर्युक्तानुसार।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. विशेष सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण अनुभाग-2, उ0प्र0 शसान।
2. वैयक्तिक सहायक, निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 को निदेशक महोदय के अवलोकनार्थ।
3. समस्त मण्डलीय उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0।

(अनुपमा मौर्य)

उपनिदेशक,

कृते निदेशक।